


# मेरा प्लास्टिक मेरी जिम्मेदारी
# जनसहभागिता से प्लास्टिक मुक्त जुगैल

| | | |
|---|---|---|
| जनसंख्या | : | 27020 |
| परिवार संख्या | : | 4380 |
| वार्ड | : | 15 |

#meraplastikmerijimmedari




# मेरा प्लास्टिक मेरी जिम्मेदारी
# जनसहभागिता से प्लास्टिक मुक्त सोनभद्र

**6 जून 2022 को,**

**"मेरा प्लास्टिक, मेरी जिम्मेदारी" अभियान की शुरूआत जिलाधिकारी महोदय के द्वारा किया गया।**

#meraplastikmerijimmedari

# मेरा प्लास्टिक मेरी जिम्मेदारी

## चुनौती

- सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग
- प्लास्टिक पर्यावरण, पशु-पक्षी और मानव के लिए घातक
- प्लास्टिक गंभीर बीमारियों का कारण
- स्वच्छ भारत अभियान में बाधक
- ग्रामीण क्षेत्रों में प्लास्टिक से नुकसान के बारे में पता न होना
- प्लास्टिक वेस्ट के सुरक्षित निस्तारण व्यवस्था की कमी







# मेरा प्लास्टिक मेरी जिम्मेदारी : लक्ष्य

घर में प्लास्टिक इकट्ठा करने से प्लास्टिक खुले में फैलने से रोकथाम।

आसपास का  पर्यावरण साफ सुथरा रखना।

खुले में फेंके गए प्लास्टिक को एकत्र करवाना ।

अभियान से ग्राम पंचायतों को प्लास्टिक मुक्त बनाना ।

भावी पीढ़ी को प्लास्टिक के नुकसान व निस्तारण के प्रति जागरूक करना।

प्लास्टिक के उपयोग को कम करने के लिए प्रेरित करना ।

जन आंदोलन में भागीदारी ग्राम पंचायत के 4380 परिवारों को शामिल करना

प्लास्टिक वेस्ट का सुरक्षित निपटान सुनिश्चित करना ।





# मेरा प्लास्टिक मेरी जिम्मेदारी : पर्यावरण संरक्षण प्रयास

## जनजागरूकता

- ग्राम पंचायत सदस्यों के साथ बैठक
- ग्राम समाधान दिवसों पर जनता को जागरूक किया गया
- बोरियों का लगाया जाना और अभियान का स्लोगन अंकित करना
- परिषदीय विद्यालयों के बच्चों को शिक्षकों द्वारा जानकारी

## प्लास्टिक का संकलन

- भण्डारण : घर>ग्राम पंचायत> ब्लाक
- प्रत्येक माह के 20 से 25 तारीख के बीच
- घरों से प्लास्टिक संकलन : सफाईकर्मी एवं ग्रामीणों द्वारा

## प्लास्टिक का निस्तारण

- अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री द्वारा निस्तारण: वैकल्पिक ईंधन
- भविष्य में इससे रोड निर्माण, ईंधन निर्माण में प्रयोग







# जनता से जनप्रतिनिधियों तक की प्रतिभागिता










# ग्राम पंचायत में प्लास्टिक बैंक की स्थापना





# माहवार प्लास्टिक कलेक्शन और निस्तारण




| | Jun-22 | Jul-22 | Aug-22 | Sep-22 | Oct-22 | Nov-22 | Dec-22 | 23-Jan | 23-Feb | 23-Mar | Apr-23 | May-23 | Jun-23 | Jul-23 | Aug-23 | Sep-23 | Oct-23 | Nov-23 | Dec-23 | Jan-24 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| PLASTIC COLLECTI | 146 | 162 | 175 | 152 | 108 | 96 | 75 | 52 | 67 | 82 | 69 | 81 | 73 | 63 | 85 | 89 | 79 | 81 | 93 | 59 |

# मेरा प्लास्टिक मेरी जिम्मेदारी अभियान :प्रगति

## प्लास्टिक एकत्रीकरण की ग्राम पंचायतवार प्रगति रिपोर्ट

## प्लास्टिक एकत्रीकरण की विकास खण्ड प्रगति रिपोर्ट

| क0स0 | विकास खण्ड का नाम | ग्राम पंचायत की संख्या | कुल घरों की संख्या | कितने घरों में बोरी लग गई | प्लास्टिक कलेक्शन के लिए कितने घरों से सम्पर्क किया गया | विकास खण्ड में कितने किलो प्लास्टिक एकत्रित हुआ |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | चतरा | 60 | 18279 | 18105 | 18105 | 3635 |
| 2 | करमा | 63 | 29723 | 26212 | 26212 | 6568 |
| 3 | घोरावल | 108 | 52063 | 45210 | 45210 | 5972 |
| 4 | नगवां | 48 | 16690 | 14591 | 14591 | 3072 |
| 5 | चोपन | 36 | 31222 | 22263 | 22263 | 4005 |
| 6 | दुद्धी | 58 | 30313 | 21051 | 21051 | 2992 |
| 7 | म्योरपुर | 72 | 48185 | 31264 | 31264 | 6408 |
| 8 | बभनी | 40 | 13669 | 11201 | 11201 | 2112 |
| 9 | राबर्ट्सगंज | 113 | 39861 | 14201 | 14201 | 3156 |
| 10 | कोन | 31 | 22476 | 22347 | 22347 | 1758 |
| योग– | | **621** | **302481** | **226445** | **226445** | **39678** |

**6 जून 2022 से 226445 घरों से 39678 किलोग्राम प्लास्टिक इकठ्ठा किया गया**

**एकत्रित प्लास्टिक का सुरक्षित निस्तारण अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री डाला के सहयोग से**

जिला पंचायत राज अधिकारी,
सोनभद्र।

सेवा में,

**जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी**
**जनपद–सोनभद्र।**

पत्रांक 1467 /पं0–7 / एस0बी0एम0 / मेरा प्लास्टिक मेरी जिम्मेदारी /2022–23,दिनांक 19.07.2022

जिलाधिकारी महोदय के निर्देशन में जनपद में सिंगल यूज प्लास्टिक के एकत्रीकरण के अभिनव प्रयोग के रूप में चलाए जा रहे **मेरा प्लास्टिक मेरी जिम्मेदारी** अभियान के तहत मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा दिनांक–18 जुलाई 2022 को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समस्त सचिव एवं समस्त सहायक विकास अधिकारी(पं0) की समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देश के क्रम में जनपद के सभी प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालय को सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त किया जाना है। इसके लिए निम्न कार्य संपन्न कराते हुए प्रमाण पत्र प्रस्तुत किये जाने का निर्देश मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा दिया गया है।

1. सभी स्कूलों पर प्लास्टिक के एकत्रीकरण के लिए मेरा प्लास्टिक मेरी जिम्मेदारी लिखा हुआ एक बोरी स्कूल के किसी बाहरी दीवाल पर टांगा जाना है।
2. स्कूल में आने वाले समस्त बच्चो को सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग ना करें के लिए जागरूक किया जाना है। तथा उनको भी अपने घरों पर बोरी टांग कर प्लास्टिक को उसी में रखने हेतु जागरूक किया जाना है।
3. स्कूल में सिंगल यूज प्लास्टिक पूर्णतया प्रतिबंध किए जाने का नोटिस बोर्ड स्कूल की दीवार पर लगाया जाना है।
4. स्कूल में किसी भी तरह के प्लास्टिक प्रयोग होता है तो उसको बाहर न फेंकते हुए उस बोरे में ही रखा जाना है।

अतः आपसे अनुरोध है की जनपद के समस्त प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विधालयों को प्लास्टिक मुक्त कराते हुए प्लास्टिक मुक्त प्रमाण पत्र दिनांक 26.07.2022 सप्ताह में उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय

(विशाल सिंह)
जिला पंचायत राज अधिकारी
सोनभद्र।

पत्रांक व दिनांक–उपरोक्तानुसार।
प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. जिलाधिकारी महोदय, सोनभद्र।
2. मुख्य विकास अधिकारी, सोनभद्र।
3. समस्त सहायक विकास अधिकारी(प) को इस निर्देश के साथ की उत्त के परिपालन हेतु समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी से संपर्क कर परिपालन सुनिश्चित कराएं।
4. समस्त ग्राम प्रधान जनपद सोनभद्र को इस आशय से की ग्राम पंचायत में स्थित सभी विद्यालय को प्लास्टिक मुक्त बनाएं जाने में योगदान देने का कष्ट करें।

---

# कार्यालय जिला पंचायत राज अधिकारी, सोनभद्र।

पत्रांक–1466/पं0–7 / एस0बी0एम0 / मेरा प्लास्टिक मेरी जिम्मेदारी / 2022–23 दिनांक–19.07.2022

**समस्त खण्ड विकास अधिकारी**
**जनपद–सोनभद्र।**

जिलाधिकारी महोदय के निर्देशन में जनपद में सिंगल यूज प्लास्टिक के एकत्रीकरण के अभिनव प्रयोग के रूप में चलाए जा रहे **मेरा प्लास्टिक मेरी जिम्मेदारी** अभियान के तहत मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा दिनांक–18 जुलाई 2022 को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समस्त सचिव एवं समस्त सहायक विकास अधिकारी(पं0) की समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देश के क्रम में जनपद के सभी पंचायत सचिवालय को सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त किया जाना है। इसके लिए निम्न कार्य संपन्न कराते हुए प्रमाण पत्र प्रस्तुत किये जाने का निर्देश मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा दिया गया है।

1. सभी पंचायत सचिवालय पर प्लास्टिक के एकत्रीकरण के लिए मेरा प्लास्टिक मेरी जिम्मेदारी लिखा हुआ एक बोरी पंचायत सचिवालय के किसी बाहरी दीवाल पर टांगा जाना है।
2. पंचायत सचिवालय पर आने वाले समस्त लोगों को सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग ना करें के लिए जागरूक किया जाना है। तथा उनको भी अपने घरों पर बोरी टांग कर प्लास्टिक को उसी में रखने हेतु जागरूक किया जाना है।
3. पंचायत भवन में सिंगल यूज प्लास्टिक पूर्णतया प्रतिबंध किए जाने का नोटिस बोर्ड पंचायत सचिवालय पर लगाया जाना है।
4. पंचायत सचिवालय में किसी भी तरह के प्लास्टिक प्रयोग होता है तो उसको बाहर न फेंकते हुए उस बोरे में ही रखा जाना है।

अतः आपसे आपके विकास खण्ड के समस्त ग्राम पंचायत के पंचायत सचिवालय को प्लास्टिक मुक्त कराते हुए प्लास्टिक मुक्त प्रमाण पत्र दिनांक 26.07.2022 सप्ताह में उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय

(विशाल सिंह)
जिला पंचायत राज अधिकारी
सोनभद्र।

पत्रांक व दिनांक–उपरोक्तानुसार।
प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. जिलाधिकारी महोदय, सोनभद्र।
2. मुख्य विकास अधिकारी, सोनभद्र।
3. समस्त सहायक विकास अधिकारी(पं0) को इस निर्देश के साथ की उत्त का परिपालन सुनिश्चित कराएं।
4. समस्त सचिव को पालनार्थ।

# कार्यालय जिला पंचायत राज अधिकारी, सोनभद्र।

पत्रांक-2656 /पं0-7/एस0बी0एम0/2022-23 दिनांक- 11 नवम्बर, 2022

समस्त सहायक विकास अधिकारी (पं0),
जनपद-सोनभद्र।

जनपद के ग्राम पंचायतों में सिंगल यूज प्लास्टिक की एकत्रीकरण एवं निस्तारण के लिए जिलाधिकारी महोदय के द्वारा एक अभिनव पहल कर "मेरा प्लास्टिक मेरी जिम्मेदारी" अभियान की शुरुआत की गई थी। अभियान के अन्तर्गत सभी घरों पर बोरी टांग कर घर में प्रयोग होने वाले प्लास्टिक को इकट्ठा कर उसका एकत्रीकरण किया जाना था जिससे कि प्लास्टिक खुले वातावरण में न पहुंच सके।

सिंगल यूज प्लास्टिक हमारे वातावरण, पशुओं तथा मानव के स्वास्थ्य से जुड़ा हुआ एक गंभीर विषय है, जो प्लास्टिक हम प्रयोग करते हैं तथा उसको खुले वातावरण में बाहर फेंक देते हैं तो उन प्लास्टिको में खाद्य पदार्थ भी रहता है, जिसको खाने से असामाजिक रूप से गौवंश की मृत्यु होना भी एक कारण है। वही प्लास्टिक गांव के नालियों में जाने के कारण नालियां चोक होकर जाम होती हैं। कूड़े के ढेर में पड़े हुए प्लास्टिक जमीन में परत दर परत बनाते जाते हैं जीससे जमीन के अंदर एक लेयर बन जा रहा हैं जिससे कि पेयजल रिचार्ज एवं कृषि उर्वरा शक्ति का भी नुकसान हो रहा है। प्लास्टिक का निस्तारण स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण घटक है जिसके अंतर्गत ग्राम पंचायतों से प्लास्टिक का निस्तारण की जिम्मेदारी भी ग्राम पंचायत की है।

मेरा प्लास्टिक मेरी जिम्मेदारी अभियान के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र के सभी घरों पर एक बोरी टांगी जानी है जिस पर कि "मेरा प्लास्टिक मेरी जिम्मेदारी" लिखा होगा एवं उस घर के लोगों को जागरूक किया जाना है कि लोग प्लास्टिक प्रयोग करने के बाद प्लास्टिक को बाहर फेंकने के बजाय उसी बोरे में डाल दें तथा ग्राम पंचायतों में सफाई कर्मी एवं अन्य संसाधन के माध्यम से माह के प्रत्येक 20 से 25 तारीख तक अभियान चलाकर उस प्लास्टिक को इकट्ठा कर लिया जाए।

मुख्य विकास अधिकारी महोदय के द्वारा यह भी निर्देश दिया गया है कि प्लास्टिक मुक्त ग्राम पंचायत के साथ ग्राम पंचायत के पंचायत सचिवालय तथा स्कूल को भी प्लास्टिक मुक्त कर प्रमाण पत्र प्राप्त कर लिया जाए, स्कूल तथा पंचायत सचिवालय पर प्लास्टिक मुक्त परिसर का बोर्ड स्थापित कर दिया जाए। प्लास्टिक के अभियान को गति देने के लिए विकास खण्ड स्तर पर सभी ग्राम प्रधान, सचिव, सफाई कर्मी और पंचायत सहायक की बैठक बुला कर सभी को निर्देशित कर दिया जाय। उक्त निर्देश का कड़ाई से अनुपालन करते हुए ग्राम पंचायत वार रिपोर्ट संलग्न प्रारूप पर प्रेषित करना सुनिश्चित करें इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही कदापि न बरती जाए।

(विशाल सिंह)
जिला पंचायत राज अधिकारी,
सोनभद्र।

पत्रांक व दिनांक-उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपिः- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. जिलाधिकारी महोदय की सेवा में अवलोकनार्थ प्रेषित।
2. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, सोनभद्र।
3. मण्डलीय उपनिदेशक (पं0), विन्ध्याचल मण्डल, मीरजापुर।
4. समस्त खण्ड विकास अधिकारी, सोनभद्र।

जिला पंचायत राज अधिकारी,
सोनभद्र।

# कार्यालय जिलाधिकारी, सोनभद्र।

पत्रांक-2988 /पं0-7/एस0बी0एम0/2022-23 दिनांक- 15 दिसम्बर, 2022

1. समस्त खण्ड विकास अधिकारी,
2. समस्त सहायक विकास अधिकारी (पं0),

जनपद-सोनभद्र।

ग्रामीण क्षेत्रों में सिंगल यूज प्लास्टिक का चलन एक गंभीर स्थिति बन चुकी है। लोग सिंगल यूज प्लास्टिक/प्लास्टिक का प्रयोग करने के उपरांत उस प्लास्टिक को खुले वातावरण में फेंक देते हैं, जिससे कि वह प्लास्टिक नालों में, तालाबों में, मिट्टी में तथा गांव में कूड़े के रूप में सर्वाधिक बिखरा रहता है। जिससे कि पर्यावरण प्रदूषण हो रहा है। प्लास्टिक को गौ-वंश/जानवरों द्वारा भी खाए जाने से उनकी भी असामयिक रूप से बीमार/मृत्यु हो रही है। इन सब को देखते हुए सिंगल यूज प्लास्टिक के संकलन/निस्तारण के लिए जनपद में "मेरा प्लास्टिक मेरी जिम्मेदारी" अभियान चलाया जा रहा है। अधोहस्ताक्षरी के आदेश संख्या-392, दिनांक-23.11.2022 के द्वारा अभियान के तहत बोरी लगाए जाने और प्लास्टिक संकलन का निर्देश दिया गया था, जिसके अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों के सभी घरों पर ग्राम पंचायत द्वारा उन्ही के घर से एक बोरी मांग कर लगाई जा रही है एवं घर के लोगों से यह अपील की गई है कि लोग प्लास्टिक प्रयोग करने के उपरांत उसको बाहर ना फेंके, प्लास्टिक उसी बोरी में डाल दे। तत्पश्चात ग्राम पंचायत के सफाई कर्मी/मजदूर लगाकर प्रत्येक माह उस प्लास्टिक का एकत्रीकरण कर उसका निष्पादन कराया जाए। इस अभियान की प्रदेश स्तर एवं देश स्तर पर काफी प्रशंसा की गई।

अभियान के संबंध में आप को निर्देशित किया जाता है कि सिंगल यूज प्लास्टिक के संकलन और निस्तारण की यह प्रक्रिया सतत चलाया जाए। प्रत्येक माह के 20 से 25 तारीख तक सभी घरों पर टांगे गये बोरे में से प्लास्टिक का एकत्रीकरण कराया जाए।

प्रत्येक माह के 27 तारीख को सभी ग्राम पंचायतों से सिंगल यूज प्लास्टिक बोरे में भरकर विकास खण्ड स्तर पर इकट्ठा कर लिया जाए, तत्पश्चात 28 तारीख को प्लास्टिक निस्तारण के लिए अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री, डाला, चोपन अथवा विकास खंड पर निर्मित होने वाले प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट में भिजवा दिया जाए। इस प्रक्रिया का अनुपालन प्रत्येक माह नियत तिथि पर सुनिश्चित कराई जाए, जिससे कि ग्रामीण क्षेत्र के परिवेश को प्लास्टिक मुक्त किया जा सके।

(चन्द्र विजय सिंह)
जिलाधिकारी,
सोनभद्र।

पत्रांक व दिनांक-उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपिः- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, सोनभद्र।
2. जिला पंचायत राज अधिकारी, सोनभद्र।
3. समस्त प्रधानगण/सचिव, जनपद-सोनभद्र को उपरोक्तानुसार पालनार्थ।

जिलाधिकारी,
सोनभद्र।

प्रेषक,

जिला पंचायत राज अधिकारी
सोनभद्र।

सेवा में,

प्रबन्धक, अल्ट्रोटेक सीमेंट फैक्ट्री,
डाला सोनभद्र।

विषयः–जनपद सोनभद्र में "मेरा प्लास्टिक मेरी जिम्मेदारी" अभियान के अन्तर्गत एकत्रित प्लास्टिक के निस्तारण के संबंध में।

कृपया उपर्युक्त विषयक का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जनपद सोनभद्र में "मेरा प्लास्टिक मेरी जिम्मेदारी" अभियान के अन्तर्गत ग्राम पंचायतों में सिंगल यूज प्लास्टिक का एकत्रीकरण किया जा रहा है। जिसका समुचित निस्तारण किया जाना है। जिलाधिकारी महोदय के निर्देश के क्रम में जनपद के समस्त 10 विकास खण्डों से प्लास्टिक एकत्रित कर दिनांक–28.12.2022 दिन बुद्धवार को डाला सीमेंट फैक्टरी में उपलब्ध कराया जाना है। एकत्रित प्लास्टिक के रवानगी के दौरान दूरदर्शन वाराणसी द्वारा लाइव कवरेज भी किया जायेगा।

अतः आपसे यह अपेक्षा है कि दिनांक–28.12.2022 दिन बुद्धवार अपरान्ह 12 बजे ग्राम पंचायतों से एकत्रित सिंगल यूज प्लास्टिक के समुचित निस्तारण हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

(विशाल सिंह)
जिला पंचायत राज अधिकारी
सोनभद्र।

## कार्यालय जिला पंचायत राज अधिकारी, सोनभद्र।

पत्रांक 3/78/पं0/स्व0भा0मि0(ग्रा0)/प्लास्टिक/2022–23 दिनांक 27-12-2022

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. जिलाधिकारी महोदय सोनभद्र, की सेवा में सूचनार्थ प्रेषित।
2. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, सोनभद्र की सेवा में सूचनार्थ प्रेषित।
3. मण्डलीय उपनिदेशक(पं0), विन्ध्याचल मण्डल, मीरजापुर।

जिला पंचायत राज अधिकारी
सोनभद्र।

ADITYA BIRLA
UltraTech

# अल्ट्राटेक द्वारा प्रदत्त उपभोग प्रमाण पत्र

06.04.2023

The District Magistrate
Sonebhadra District

Respected Sir ,

Greeting from UltraTech !

Sub.: Single use plastic waste as an alternate fuel for cement production

Under the Umbrella of UltraTech Sustainability Mantra we are committed to make clean & green society by disposal of Plastic Waste material generated from nearby villages.

As part of our responsible corporate stewardship, during last two years our unit has consumed 39,678 kgs of plastic waste collected from nearby gram panchayats under the " Mera Plastic Meri Jimmedari " campaign. This will help our environment by reducing $CO_2$ emission .

The waste plastics were mainly used as a substitute for coal for firing Kiln.

Through this, we have not only reduced the consumption of natural resources but, we have also contributed towards the Swacch Bharat Mission Gramin Initiative.

Thanking you ,

Yours faithfully ,

Authorised Signatory

UltraTech CEMENT
The Engineer's Choice

UltraTech Cement Limited
Unit: Dalla Cement Works : SH 5, Post: Dalla, Distt. Sonebhadra (UP) - 231207.
Tel.: +91 5445 265778, 265801, 265802 I W: www.ultratechcement.com I CIN : L26940MH2000PLC128420
Regd. Office : 'B' Wing, Ahura Centre, 2nd Floor, Mahakali Caves Road, Andheri (East), Mumbai - 400093. Tel.: +91 22 66917800

## मेरा प्लास्टिक मेरी ज़िम्मेदारी

Replicable

- ❖ सिंगल यूज प्लास्टिक सार्वभौमिक समस्या
- ❖ नगरी क्षेत्रों के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में इसके निदान की आवश्यकता
- ❖ वैकल्पिक ईंधन सामाग्री के रूप में इसका निस्तारण नजदीकी औद्योगिक ईकाइयों में किया जा सकता है।
- ❖ देश के सभी ग्रामीण क्षेत्रों में इसे दोहराया जा सकता है।

## मेरा प्लास्टिक मेरी ज़िम्मेदारी : आगे की योजना

Future Road Map

- ❖ सिंगल यूस प्लास्टिक पर पूर्ण प्रतिबंध : निर्माण , बिक्री और खरीद पर
- ❖ कॉटन , पेपर बैग के निर्माण, बिक्री एवं प्रयोग को प्रोत्साहन : स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से
- ❖ पत्तों के पत्तल, ग्लास ,प्लेट, के निर्माण, बिक्री एवं प्रयोग को प्रोत्साहन : स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से
- ❖ प्लास्टिक श्रेडर एटीएम की स्थापना : सीएसआर / डीएमएफ से
- ❖ प्लास्टिक मुक्त ग्राम पंचायत व नगर पंचायत बनाने का लक्ष्य

**DM Sonbhadra** @DmSonb... · 16 Jun

जनपद में चलाया जा रहा "**मेरा प्लास्टिक**-मेरी जिम्मेदारी" अभियान के तहत जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधानों के साथ की बैठक, गांव में साफ-सफाई व **प्लास्टिक** एकत्रीकरण कर,निस्तारण कराने में व अभियान सफल बनाने में लोगों से सहयोग की, की गयी अपील @PMOIndia @CMOfficeUP @myogioffice @ChiefSecyUP



8 14 82

**DM Sonbhadra** @DmSonb... · 16 Jun

सोनभद्र : **मेरा प्लास्टिक** मेरी जिम्मेदारी को जनांदोलन बनाने में प्रधान निभाए नेतृत्व की भूमिका – जिलाधिकारी
@CMOfficeUP @ChiefSecyUP
@CPCB_OFFICIAL
@UPPCBLKO



सोनभद्र : मेरा प्लास्टिक मेरी जिम्मेदारी को जनांदोलन ...
polkholpost.in

4 8 36

**Vivek Kumar** @Bhaskar86Vivek · 2d

**#meraplastikmerijimmedari**
मेरी प्लास्टिक- मेरी जिम्मेदारी
आज ग्राम पंचायत चोपन, वि0खं0- चोपन, सोनभद्र, उ0प्र0, माननीय जिलाधिकारी सोनभद्र द्वारा प्लास्टिक के एकत्रिकरण एवं निस्तारिकरण के महाअभियान, पोलोथिन से होने वाले नुकसान से राहत दिलाये जाने की पहल।



Government of UP and 6 others

**DM Sonbhadra** @DmSonbh... · 01 Jul

'**मेरा प्लास्टिक**-मेरी जिम्मेदारी' अभियान के तहत नगर पालिका परिषद राबर्ट्सगंज में **प्लास्टिक** को एकत्रीकरण कर साफ सफाई के प्रति लोगो को किया गया जगरूक @PMOIndia @CMOfficeUP @myogioffice @ShishirGoUP @ChiefSecyUP



5 7 43

**DM Sonbhadra** @DmSonb... · 09 Jun

जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से की अपील, "**मेरा प्लास्टिक** मेरी जिम्मेदारी", "निभाए सब अपनी भागीदारी" के तहत **प्लास्टिक** को बोरे मे इकट्ठा कर उचित ढंग से किया जाये डिस्पोजल @PMOIndia @CMOfficeUP @myogioffice @ShishirGoUP @ChiefSecyUP



837 views

15 16 84

**Smarty viku** @viku_smarty · 5d

Single_Use_Plastic को लेकर उत्तर प्रदेश के सोनभद्र में एक और महा अभियान मंगलवार से
**#meraplastikmerijimmedari**
@myogioffice @UPGovt
@DmSonbhadra@UNDC@




**RITESH PANDEY** @BcNagwa · 2d

**#meraplastikmerijimmedari**
@myogioffice @PMOIndia @AmitShah
@kpmaurya1 @rajnathsingh
@rashtrapatibhvn @bhupeshchaubey
@Sanjeevgondbjp
एक कदम स्वच्छता की ओर
ग्राम पंचायत सोहदवल
विकास खण्ड नगवां
सोनभद्र, उत्तर प्रदेश



2

**DM Sonbhadra** @DmSonb... · 06 Jul

'**मेरा प्लास्टिक** मेरी जिम्मेदारी' अभियान के तहत गाँवो के घरों पर लगे बोरियों से इकट्ठा किये गए **प्लास्टिक** को अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री को हस्तांतरित कर निस्तारण हेतु **प्लास्टिक** लदे वाहन को रवाना करते हुए जिलाधिकारी @PMOIndia @CMOfficeUP @myogioffice @ChiefSecyUP



455 views

1 8 37




आकांक्षी जिला सोनभद्र के लिए केंद्रीय प्रभारी श्री संतोष कुमार यादव, अपर सचिव, शिक्षा विभाग, भारत सरकार "मेरा प्लास्टिक, मेरी जिम्मेदारी" अभियान का हिस्सा बने।

# घरों से एकत्रित किए गए 4900 किलो प्लास्टिक

- प्लास्टिक घर पर ही संग्रहित कर 196748 घरों को किया गया जागरूक
- अभियान को नीति आयोग के एडिशनल सेक्रेटरी ने बताया नवीन प्रयोग






एकत्रित प्लास्टिक को सीमेंट फैक्ट्री से रवाना करते जिलाधिकारी व सीडीओ ●जागरण

**जागरण संवाददाता, सोनभद्र:** सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ चले रहे अभियान के तहत 4900 किलो प्लास्टिक एकत्रित किया गया है। इसके तहत 196748 घरों को जागरूक भी किया गया। जिले के करीब तीन लाख घरों पर बोरिया लगाई गई थीं। इकट्ठा हुए प्लास्टिक को निस्तारण के लिए अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री को दिया गया।

कलेक्टेट गेट के पास केंद्र दिखाकर प्लास्टिक को अल्ट्राकेट के लिए रवाना किया। नोडल अधिकारी ने कहा कि यह अपने आप में एक नवीन अभियान है। इससे पर्यावरण को नुकसान होने से बचा लेंगे। डीएम चंद्र विजय सिंह ने बताया कि इस बोरी में ही रखी जाय। ग्राम पंचायत द्वारा वह प्लास्टिक इकट्ठा कर निस्तारण के लिए अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री को उपलब्ध कराया गया।

डीपीआरओ विशाल सिंह ने बताया कि ब्लाक बभनी से 235 प्लास्टिक सफाई कर्मियों एवं गांव के लोगों द्वारा इकट्ठा किया गया है। सरकार ने एक जुलाई से सिंगल यूज प्लास्टिक को प्रतिबंधित किया है। मेरा प्लास्टिक मेरी जिम्मेदारी कार्यक्रम तीन चरणों में संपन्न हुआ।

प्रथम चरण घरों पर बोरी टांगी गई। द्वितीय चरण में लोगों से अपील की गई कि अपनी प्लास्टिक अपनी जिम्मेदारी समझते हुए उसे उसी बोरी में डालें। तृतीय चरण में 20 से 25 तारीख तक घर घर जाकर प्लास्टिक को कलेक्ट कर एक जगह इकट्ठा करना एवं ब्लाक पर इकट्ठा किया जाना। कार्यक्रम में

# विधायक ने घर पर बोरी टांग अभियान किया शुरू

संवाद न्यूज एजेंसी

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह की पहल पर शुरू किए गए प्लास्टिक एकत्रीकरण अभियान 'मेरा प्लास्टिक मेरी जिम्मेदारी' के अनूठे प्रयास का कारवां बढ़ रहा है। इस अभियान के तहत बृहस्पतिवार को सदर विधायक भूपेश चौबे ने ग्राम पंचायत बेठीगांव निष्फ में ग्राम वासियों को अपने घर पर एक बोरी लगाने का आह्वान किया। उन्होंने खुद एक घर में अपने हाथों से बोरी टांग कर घर की महिलाओं को प्लास्टिक उसी में डालने का अनुरोध किया।

**'मेरा प्लास्टिक मेरी जिम्मेदारी' की हुई शुरुआत**

उन्होंने कहा कि आज सिंगल यूज प्लास्टिक से हर ग्राम पंचायत में विकट स्थिति में हो गई है। सबको मिलकर ही इस समस्या का समाधान करना होगा। जो भी प्लास्टिक हम इस्तेमाल करते हैं उसे फेंकने के बजाय घर पर एक बोरी में किसी भी स्थान पर एकत्र करें। इस कार्य में घर की महिलाएं सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। इस एकत्र प्लास्टिक का इस्तेमाल सड़क बनाने में किया जाएगा। इस मौके पर सदर प्रमुख अजीत रावत, डीपीआरओ विशाल सिंह, बीडीओ उमेश सिंह, एडीओ पंचायत कृपाशंकर शुक्ला, सुरेश शुक्ला, डीपीसी अनिल केशरी आदि रहे।



'मेरा प्लास्टिक मेरी जिम्मेदारी' अभियान के तहत घर के बाहर पॉलीथिन एकत्र करने के लिए बोरा टांगते विधायक भूपेश चौबे।

## घर के बाहर दिखा कचरा तो लोगों को भरना पड़ेगा जुर्माना

केकराही। करमा विकास खंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत बहेरा में साफ-सफाई के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए एक अनोखी शुरुआत हुई। ग्राम प्रधान की ओर से गांव को स्वच्छ बनाने के लिए यह अपील की गई है। यह हिदायत भी दी गई है कि गांव में प्लास्टिक के कबाड़, थैले को बाहर खुले में न फेंके। उसे घर के बाहर एक कूड़ेदान या बोरे में भर कर रखें। उसका सफाई कर्मियों की मदद से निस्तारण कराया जायेगा। वहीं ग्राम पंचायत के किसी भी घर के बाहर कूड़े का ढेर दिखा तो उस पर जुर्माना लगाया जाएगा। ये जानकारी प्रधान पति धीरज सिंह दी।

# मंत्रीगण ने भी घर के बाहर बांधी बोरी
## प्लास्टिक से दूरी बनाने की अपील

**जागरण संवाददाता, सोनभद्र :** सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ चल रही मुहिम को शुक्रवार को जनपद दौरे पर आए मंत्रीगण ने भी सराहा। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत चोपन में एक ग्रामीण के घर के बाहर बोरी लटकाकर उसमें घर से निकलने वाला प्लास्टिक डालने का आह्वान किया। मंत्री द्वय राकेश सचान और रवींद्र जायसवाल ने कहा कि यह अभियान बहुत बेहतर है।

ऐसे अभियान से समाज में जागरुकता फैलेगी। मंत्रियों ने जिलाधिकारी से कहा कि अभियान बहुत अच्छा है। इसको और गति एवं जन आंदोलन का रूप देने की जरूरत है। घर के मुखिया का आह्वान किया कि वह जो भी प्लास्टिक का सामान प्रयोग करते हैं उसे इसी बोरी में डाल दें ताकि एक नियत समय पर इसे निस्तारित किया जा सके।



चोपन मे प्लास्टिक इकट्ठा करने के लिए घर के बाहर बोरी लगाते मंत्री राकेश सचान व रविंद्र जायसवाल ●सौजन्य सूचना विभाग

बताया कि सिंगल यूज प्लास्टिक पर्यावरण के लिए अत्यंत खतरनाक है। इसलिए इसके प्रयोग से बचने की जरूरत है। जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह, सदर विधायक भूपेश चौबे, सीडीओ डा. अमित पाल शर्मा, एडीओ अजय सिंह, डीपीसी अनिल केसरी आदि रहे।

से बाहर आ गए। बिजली के अभाव ...नी सप्लाई बंद होने के कारण पेयजल ...नए हाहाकार मचा गया। गौरतलब हो ...बाजार और पुनर्वास में एनटीपीसी से ...ट पर बिजली आपूर्ति की जाती है।

## कोल इंडिया ने विदेशी को...

**जासं, अनपरा (सोनभद्र) :** उत्तर प्रदेश सरकार ने उपभोक्ताओं के हित में विदेशी कोयले की खरीदारी से अपने

- विदेशी कोयले की खरीदारी से दूर हैं प्रदेश की तापीय परियोजनाएं

# सीमेंट फैक्ट्री में नष्ट होगा 4900 किलो पॉलिथीन

**मेरा प्लास्टिक-मेरी जिम्मेदारी अभियान के तहत कई गांवों से किया गया संकलन**

**भारत सरकार के अतिरिक्त सचिव संतोष यादव ने जिला प्रशासन की पहल को सराहा**

अमर उजाला ब्यूरो

**सोनभद्र।** मेरा प्लास्टिक-मेरी जिम्मेदारी अभियान का जिले में व्यापक असर दिखा है। जिला प्रशासन की इस पहल के बाद लोगों ने घरों में बोरे टांगकर प्लास्टिक एकत्रित करना शुरू किया था। पिछले एक माह में करीब 4900 किलो प्लास्टिक एकत्रित हुआ है। बुधवार को इसके निस्तारण के लिए डाला स्थित सीमेंट फैक्ट्री को दिया गया। सीमेंट फैक्ट्री में प्लास्टिक से दूसरे पदार्थ बनेंगे। प्लास्टिक लदे वाहनों को कलेक्ट्रेट से भारत सरकार के अतिरिक्त सचिव संतोष कुमार यादव और डीएम चंद्र विजय सिंह हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

पर्यावरण संरक्षण के लिए सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ जिला

घरों से निकलने वाला प्लास्टिक इसी बोरे में एकत्रित करने के लिए लोगों को प्रेरित किया गया। अभियान के दौरान तीन लाख घरों पर बोरे टांगे गए। कुल 196748 घरों से प्लास्टिक एकत्रित किए गए। इस तरह से एकत्रित 4900 किलो प्लास्टिक का अब सीमेंट फैक्ट्री में निस्तारण होगा। कलेक्ट्रेट परिसर में कार्यक्रम के दौरान भारत सरकार के अतिरिक्त सचिव व नीति आयोग के नोडल संतोष कुमार यादव ने जिला



कलेक्ट्रेट से प्लास्टिक निस्तारण वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते डीएम चंद्र विजय सिंह। संवाद

जा सकेगा। डीएम चंद्र विजय सिंह ने बताया कि यह अभियान तीन चरणों में पूरा हुआ। पहले चरण में घरों पर बोरी टांगी गई। द्वितीय चरण में लोगों से प्लास्टिक को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए बोरी में डालने के लिए प्रेरित किया गया और तीसरे चरण में घर-घर पहुंचकर प्लास्टिक एकत्रित किया गया। उन्होंने अभियान में

हेड राहुल सहगल ने बताया कि प्लास्टिक से कंपोस्ट तैयार किया जाएगा। इस दौरान सीडीओ सौरभ गंगवार, डीपीआरओ विशाल सिंह, एडीओ पंचायत अजय सिंह, अनिल केशरी, अल्ट्राटेक के एचआर प्रमुख पंकज पोद्दार, फायनेंस हेड प्रसम जैन, माईस हेड विवेक खोसला, टीपीपी हेड जगदीश तिवारी,




मेरा प्लास्टिक मेरी जिम्मेदारी
जनसहभागिता से प्लास्टिक मुक्त सोनभद्र

# धन्यवाद

#meraplastikmerijimmedari